बैकुंठ धाम का सर्व समाज मांगलिक भवन एवं सी-मार्ट का होगा शीघ्र शुभारंभ

महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों के साथ लिया जायजा

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठ धाम में नवनिर्मित सर्व समाज मांगलिक भवन एवं पावर हाउस के पास निर्मित सी-मार्ट की सुविधा का लाभ शीघ्र भिलाई वासियों को मिलेगा। महापौर नीरज पाल ने अधिकारियों के साथ दोनों स्थानों का निरीक्षण कर जायजा लिया एवं अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मदर टैरेसा नगर क्षेत्र अंतर्गत बैकुंठ धाम के समीप लगभग तीन करोड़ की लागत से सर्व समाज मांगलिक भवन तैयार किया गया है तथा पावर हाउस के समीप सी-मार्ट का निर्माण किया गया है। जिसकी सुविधा का लाभ इसके शुभारंभ होने के साथ ही भिलाई के नागरिकों को मिलने लगेगा। इन दोनों ही भवन के लोकार्पण की तैयारियां की जा रही है। विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों से सर्व समाज मांगलिक भवन एवं सी-मार्ट का निर्माण किया गया है। धार्मिक , सामाजिक, वैवाहिक जैसे आयोजनों के लिए एक बड़े स्थान की आवश्यकता थी जहां पर आसानी से कमजोर वर्ग आय के लोग भी अपने कार्यक्रम को कर पाए। सर्व समाज मांगलिक भवन भूतल एवं प्रथम तल पर निर्माण किया गया है वही आकर्षक लैंडस्कैपिंग एवं पार्किंग जैसी सुविधाएं डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन में मौजूद है। एक बड़े मैरिज पैलेस की तरह सर्व समाज मांगलिक भवन विभिन्न आयोजनों को संपन्न करने के लिए तैयार है। वहीं पावर हाउस चौक के समीप सी-मार्ट का निर्माण किया गया है , महिलाओं द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पादों को एक बेहतर प्लेटफार्म देने के लिए इसकी परिकल्पना की गई थी , जिसके तहत एक बड़े बिग शॉप मॉल की तरह इसे तैयार किया गया है जहां हर तरह के बेहतरीन प्रोडक्ट्स विक्रय के लिए मौजूद होंगे , जहां एक ओर महिलाओं को रोजगार की प्राप्ति होगी वहीं आम नागरिकों को घरेलू एवं अच्छे उत्पादों को प्राप्त करने का लाभ मिलेगा। जल्द ही भिलाई शहर वासियों को इन दोनों का लाभ मिलने वाला है इसके लिए व्यापक तैयारियां निगम प्रशासन द्वारा की जा रही है। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी , जोन आयुक्त येशा लहरें एवं अमिताभ शर्मा, कार्यपालन अभियंता संजय बागड़े , सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर , महापौर के निज सचिव वसीम खान एवं उप अभियंता कृष्णा जंघेल आदि मौजूद रहे।